**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक-12.07.2025**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना जहाँगीरगंज व एसओजी / सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तीन नफर अभियुक्तों को 80 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा (कीमत करीब 8 लाख रूपये) के साथ किया गया गिरफ्तार।**

जनपद अम्बेडकरनगर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशन में अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के ऊपर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम आज दिनांक 12.07.2025 को थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र देखभाल व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान थाना क्षेत्र अन्तर्गत बावली चौक पर मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि दो व्यक्ति एक चार पहिया वाहन संख्या यू0पी0-53-एबी-6849 से सिकंदरपुर रोड बहद ग्राम तिलकटाण्डा के पास मौजूद है तथा उनके पास गाड़ी में अवैध नशीला पदार्थ मौजूद है जिसको वह किसी तीसरे व्यक्ति को देने की फिराक में वहाँ पर इंतजार कर रहे है। थाना जहाँगीरगंज पुलिस टीम द्वारा एसओजी / सर्विलांस की टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान सिकंदरपुर रोड बहद ग्राम तिलकटाण्डा के पास पहुंचे की तो एक संदिग्ध स्विफ्ट कार से दो व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया जिनकों संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम 01- रणविजय राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ 02- रामप्रवेश राजभर पुत्र घरभरन राजभर उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम अरहरिया पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों की जामा तलाशी व गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी में कुल-33 बंडल में 80 किलों 300 ग्राम अवैध गांजा (कीमत करीब 8 लाख रूपये) व 01 अदद मोबाइल VIVO, कार में बनाये गये गोपनीय लाकर से सम्बन्धित दो अदद चाभी तथा दोनों की जामा तलाशी में कुल 3010 रूपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार वाहन सं यू0पी0-53-AB-6849 सफेद रंग बरामद की गई उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-197/25 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**पूछताछः-**गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया कि हम लोगों से यह अवैध गांजा अशोक यादव पुत्र रामअवध यादव उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम गौरी पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ द्वारा मंगवाया गया था जिसको हम लोग उड़ीसा से लेकर आये थे। इस अवैध गांजा को यहाँ सावन माह में बेचने के लिए मंगवाया गया था।

**नोटः-**उपरोक्त घटना में तीसरे अभियुक्त अशोक यादव पुत्र रामअवध यादव उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम गौरी पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ गिरफ्तार अभियुक्तों की बयानों के आधार पर मुखबिर की सूचना पर सिकंदरपुर रोड बहद ग्राम तिलकटाण्डा के पास से एक आदद मोटर साइकिल बजाज प्लैटिना यू0पी0-50-एन-7729 बरामद कर गिरफ्तार किया गया ।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त** –

1. रणविजय राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम गौरी पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ ।

2. रामप्रवेश राजभर पुत्र घरभरन राजभर उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम अरहरिया पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ ।

3.अशोक यादव पुत्र रामअवध यादव उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम गौरी पोस्ट गौरी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ ।

**<u>विवरण बरामदगी-</u>**

01-कुल 33 बण्डल व वजन कुल 80 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा

02-01 अदद स्विफ्ट डिजायर कार वाहन सं यू0पी0-53-AB-6849 सफेद रंग

03-01 अदद मोबाइल VIVO

04-कार में बनाये गये गोपनीय लाकर से सम्बन्धित दो अदद चाभी

05-जामा तलाशी में बरामद नगद कुल 3010 रूपये ।

**<u>विवरण पंजीकृत अभियोग-</u>**

1. मु0अ0सं0-197/25 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना जहांगीरगंज अ0नगर।

**<u>विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह थाना जहाँगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
2. उ0नि0 विनोद यादव प्रभारी एसओजी टीम अम्बेडकरनगर।
3. उ0नि0 प्रभाकान्त तिवारी प्रभारी सर्विलांस टीम अम्बेडकरनगर।
4. उ0नि0 थीरेन्द्र कुमार आजाद थाना जहाँगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
5. उ0नि0 कृष्ण कुमार यादव थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
6. उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
7. हे0का0 प्रेमप्रकाश सिंह थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
8. हे0का0 प्रभात मौर्या एसओजी टीम अम्बेडकरनगर।
9. हे0का0 उमेश सर्विलांस टीम अम्बेडकरनगर।
10. का0 चन्दन सोनकर थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
11. का0 अभिषेक द्वितीय थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर
12. का0 मन्नू सिंह यादव थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
13. का0 मनोज यादव थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।
14. का0 जाकिर एसओजी टीम अम्बेडकरनगर।
15. का0 राहुल यादव एसओजी टीम अम्बेडकरनगर।
16. का0 विजेन्द्र यादव एसओजी टीम अम्बेडकरनगर।
17. का0 विपिन सर्विलांस टीम अम्बेडकरनगर।
18. का0 शिवम सर्विलांस टीम अम्बेडकरनगर।
19. का0 सौरभ सर्विलांस टीम अम्बेडकरनगर।